23 June 2025_Copy of Layout 1 6/23/2025 5:01 PM Page 1


# दैनिक नज़रिया खबर

भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त






RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 354 | देहरादून, सोमवार 23 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### चंपावत में उफनते नाले में बहने से बाल-बाल बचा युवक

**चंपावत।** रविवार को भारी बारिश के चलते किरोड़ा नाला उफान पर आ गया। इस दौरान खटीमा से घूमने आए युवक ने बाइक से उफनते नाले को बीच सड़क को पार करने का प्रयास किया। जिस पर वह बाइक समेत नाले में बह कर रोखड़ में पानी के बीच फंस गया। बता दें उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में इन दिनों बारिश हो रही है। जिसके कारण नदी नाले उफान पर हैं। किरोड़ा नाला उफान भी इसी कड़ी में उफान पर है। आज इसमें एक बाइक सवार युवक बह गया। मामले की जानकारी मिलते ही अलर्ट मोड में तैनात एसडीआरएफ व टनकपुर पुलिस ने युवक को पानी के तेज बहाव से बचा कर सुरक्षित बाहर निकाला। जिससे बड़ी दुर्घटना होते होते बच गई। नाले में बहे युवक की पहचान खटीमा निवासी तस्लीम पुत्र लईक के रूप में हुई है। एसडीआरएफ व पुलिस टीम ने आमजन व बाहर से टनकपुर घूमने आने वाले लोगों से बरसाती नदी नालों को पार ना करने की अपील की है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**देहरादून।** सुबह जनता एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस को रेलवे ट्रैक पर युवक का सिर और धड अलग–अलग हिस्सों में बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। जनता एक्सप्रेस के लोको पायलट ने रायवाला रेलवे स्टेशन पर सूचना देते हुए बताया कि एक व्यक्ति ने रेलवे ट्रैक पर अपना सिर रखकर जान दे दी है। लोको पायलट ने बताया कि ट्रेन को रोक पाना संभव नहीं था। सूचना मिलने के बाद जीआरपी व रायवाला पुलिस मौके पर पहुंची।कोतवाली रायवाला प्रभारी निरीक्षक बीएल भारती ने बताया कि घटना सुबह करीब 9.45 की है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। इस घटना के बाद हरिद्वार से देहरादून जा रही वंदे भारत ट्रेन करीब 25 मिनट लेट रही। जिसे रायवाला जंक्शन पर रोक रखा गया।

## आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को सकुशल सम्पन्न कराने को दून पुलिस ने कसी कमर

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायती चुनावों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए एसएसपी देहरादून द्वारा उपस्थित अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये गये। पंचायत चुनावों की नामांकन प्रक्रिया 25 जून से प्रारम्भ होनी है, इस दौरान नामांकन स्थल पर नियुक्त अधिकारी इस बात को सुनिश्चित कर लें कि नामांकन पक्ष में प्रत्याशी के साथ पूर्व निर्धारित संख्या में ही लोग अंदर प्रवेश करें। नामांकन हेतु आने वाले प्रत्याशियों व जुलुसों के समय को पहले से ही तय कर इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाये कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार के टकराव की स्थिती उत्पन्न न हो। चुनाव के दृष्टिगत संवेदनशील एंव अतिसंवेदनशील मतदेय स्थलों को समय से चिन्हित कर लिया जाये तथा चुनावों को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने हेतु असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए उनके विरूद्ध समय से आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।




एसएसपी बैठक लेते हुए।

चुनाव से पूर्व पोलिंग पार्टियों के जाने तथा वापसी तथा मतगणना के दृष्टिगत समय से प्रभावी यातायात प्लान तैयार कर लिया जाये, जिससे उक्त प्रक्रिया कि दौरान यातायात का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। सभी जोनल तथा सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में मतदान स्थलों का निरीक्षण कर वहां पोलिंग हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन कराते हुए चुनावी क्षेत्रों में सम्बन्धित थाना प्रभारी लाइसेंसी शस्त्रों को जमा कराने की प्रक्रिया समय से पूर्ण कर लें। इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरती जाये।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## चारधाम यात्रियों और पर्यटकों को मुफ्त पर्यावरण-अनुकूल कार ट्रैश बैग बांटें

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार, उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जानकी देवी एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त सहयोग से रविवार को देहरादून के कुठाल गेट पर चारधाम यात्रियों और पर्यटकों को मुफ्त पर्यावरण–अनुकूल कार ट्रैश बैग वितरित किए गए। यह पहल पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और यात्रा मार्गों को कचरा मुक्त रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर आईजी गढ़वाल श्री राजीव स्वरूप ने स्वयं यात्रियों को बैग वितरित किए और लोगों से अपील की कि वे यात्रा के दौरान कचरा सड़कों, घाटियों और पहाड़ों पर न फैलाएं, तथा दिए गए ट्रैश बैग का इस्तेमाल कर अपने कचरे का जिम्मेदारी से निस्तारण करें। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने कहा चारधाम यात्रा आस्था के साथ–साथ जिम्मेदारी का भी विषय है। हर यात्री अगर अपने स्तर पर स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प ले, तो उत्तराखंड को साफ और सुरक्षित बनाना संभव है। कार्यक्रम में भाग ले रही संस्था जानकी देवी एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी की सचिव कविता चतुर्वेदी और ट्रस्ट से जुड़े अन्य युवाओं ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत लगभग 50,000 ट्रैश बैग्स तैयार किए गए हैं।



## मुख्यमंत्री का संकल्प, 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा के साथ जारी रहे तीर्थयात्रियों का सत्कार: डीएम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने विगत दिवस चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में यात्रियों की सुविधा और सहायता के लिए सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने चारधाम यात्रा से जुड़े अधिकारियो से सुगम व सुरक्षित यात्रा को लेकर आवश्यकताओं की जानकारी भी ली।

जिलाधिकारी ने कहा कि फंड के कारण यात्रा व्यवस्थाओं में कोई कमी नही रहनी चाहिए। विभागों को अतिरिक्त फंड की आवश्यकता होगी तो जिला प्रशासन फंड की व्यवस्था भी करेगा। जिलाधिकारी ने चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप ऋषिकेश में पंजीकरण काउंटर, चिकित्सा कक्ष, यात्री प्रतिक्षालय, भोजन, आवास, पेयजल, शौचालय एवं साफ सफाई व्यवस्थाओं को परखा।



डीएम चारधाम यात्रा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए।

### जिलाधिकारी ने ऋषिकेश में चारधाम यात्रा व्यवस्था का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यात्रियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। ट्रांजिट कैंप में स्थापित चिकित्सा केंद्र में यात्रियों का स्वास्थ्य जांच के साथ ही आवश्यक मेडिकल सुविधा सुचारू रखी जाए। प्रत्येक हैंगर, टेंट में शुद्ध पेयजल, चाय, भोजन की समुचित व्यवस्था रखें। शौचालयों में नियमित रूप से साफ सफाई रखें। होटल, धर्मशाला, गुरुद्वारा एवं ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के भोजन, पानी, शौचालय सहित ठहरने की उचित प्रबंध हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान एमएनए ऋषिकेश,उप जिलाधिकारी योगेश मेहर, मुख्य चिकित्सा अधिएमएनए ऋषिकेशकारी डा. एमके शर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित चारधाम यात्रा से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# संपादकीय

## वोट की ताकत

अगले साल होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण का काम तेजी से शुरू हो गया है। भाजपा के सहयोगी संगठन हिंदू मुन्नानी ने लोगों से अपील की है कि वे अगले साल अप्रैल में होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में हिंदू वोट बैंक की ताकत दिखाएं। हम आपको बता दें कि दक्षिणपंथी संगठन द्वारा आयोजित भगवान मुरुगन भक्त सम्मेलन में हिंदू मुन्नानी ने 'हिंदू एकता' और हिंदुओं के अधिकारों व मंदिरों की रक्षा के लिए एक प्रस्ताव भी पारित किया है। इस सम्मेलन में आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण और तमिलनाडु भाजपा के कई पदाधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि डीएमके सरकार को मंदिरों को राजस्व के स्रोत की तरह देखना बंद करना चाहिए और इन निधियों का उपयोग भक्तों के लाभ के लिए करना चाहिए। सम्मेलन में दिये गये अपने संबोधन में आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर हिंदू धर्म को निशाना बनाने वाले फर्जी धर्मनिरपेक्षतावादियों की आलोचना की और सभी धर्मों का सम्मान करने की अपील की। भगवान मुरुगन के श्रद्धालुओं के विशाल सम्मेलन मुरुगा भक्तर्गल मानाडुष्को संबोधित करते हुए पवन कल्याण ने कहा कि वह ष्धर्मान्ध हिंदू नहीं, बल्कि एक प्रतिबद्ध हिंदू हैं। अपने संबोधन में पवन कल्याण ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता शब्द बहुत से लोगों के लिए सुविधाजनक शब्द है। उन्होंने कहा, विशेष रूप से नास्तिकों के लिए, जो ईश्वर में विश्वास नहीं करते हैं...भारत में वे हिंदू देवताओं में विश्वास नहीं करते।श्श उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता का मतलब किसी भी धर्म के खिलाफ कोई भेदभाव नहीं है, लेकिन उनके लिए धर्मनिरपेक्षता का मतलब हिंदू धर्म को छोड़कर किसी भी धर्म के खिलाफ कोई भेदभाव नहीं है। जन सेना पार्टी के संस्थापक पवन कल्याण ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर हिंदू देवी–देवताओं को निशाना बनाना आम बात हो गई है। पवन कल्याण ने कहा कि तथाकथित धर्मनिरपेक्षतावादियों में अरब से आए धर्म के बारे में बोलने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि नास्तिकों की आदत बन गई है हमारे देवताओं को नीचा दिखाने की। यह बदलना चाहिए।

# देहरादून के राजपुर में प्लीजेंट वैली वेलफेयर एसोसिऐशन के मुख्य द्वार का हुआ उद्घाटन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रविवार को देहरादून के राजपुर स्थित प्लीजेंट वैली के नये द्वारों एवं सुरक्षा प्रणाली का उद्घाटन सुबे के कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने किया। सोसाइटी में यह नवाचार वहां के निवासियों की सुरक्षा को विशेष तौर पर ध्यान में रखते हुए किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान समिति ने मंत्री जोशी के हाथों से सोसाइटी के वरिष्ठजनों को सम्मानित भी किया।



प्लीजेंट वैली वेलफेयर एसोसिऐशन के मुख्य द्वार का उद्घाटन करते मंत्री जोशी।

राजपुर गुरुद्वारा परिसर में आयोजित बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इन गेटों और सुरक्षा प्रणालियों के माध्यम से हम न केवल अपने परिसर की सुरक्षा को मजबूत करेंगे बल्कि अपने नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण भी प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि यह पहल हमारे समुदाय के लिए एक सुरक्षित और अधिक समृद्ध भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सोसाइटी के अंदर से सुमन नगर, खारसी, चालंग इत्यादि स्थानों की पहुंच पूर्व की भॉति सुनिश्चित की जाए।सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि तकनीकी के क्षेत्र में भारत ने विश्व भर में अभूतपूर्व कार्य किया है और एक नई ऊंचाइयों को छुआ है। तकनीक के चलते ही ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान की ओर से भेजे गए आतंकी और अवैध ड्रोन मार गिराये। उन्होंने कहा कि प्लेजेंट वैली सोसाइटी से मेरा बहुत पुराना नाता है और प्लेजेंट वैली सोसायटी देहरादून की सबसे सुंदर सोसाइटी में से प्रमुख है। उन्होंने कहा कि मैं आपके परिवार का सदस्य बनकर, बेटा बनकर, भाई बनकर काम करता हूं। नर सेवा, नारायण सेवा के भाव को ध्यान में रखते हुए समिति ने कोरोना के दौरान भी काफी अच्छा काम किया। काबीना मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड राज्य देश का पहला वह राज्य है, जिसने यूसीसी को लागू किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में धारा 370 और 35ए को हटाकर जम्मू–कश्मीर वासियों को सुखमय जीवन प्रदान किया गया। 2047 में विकसित भारत के सपने को साकार करने का लक्ष्य भाजपा सरकार का है।

# जिंदगी के नियम भी कबड्डी के खेल जैसे हैं-सफलता की लाइन टच करते ही लोग हमारे पैर खींचने लग जाते हैं



**तू अपनी खूबियां ढूंढ,कमियां निकालने के लिए लोग हैं, अगर रखना ही है कदम तो आगे रख, पीछे खींचने के लिए लोग हैं**

गोंदिया। वैश्विक स्तरपर भारत के हमारे बड़े बुजुर्गों की जो कहावतें हैं, वह आदिलोक आदिकाल की हैं, परंतु हम आज के युग में भी और अपनी अगली पीढ़ियों में भी देखेंगे तो यह बिल्कुल फिट बैठती है। बड़े बुजुर्गों के एक– एक शब्द हीरे मोती के तुल्य हैं, बस पहचानने वाले जौहरी वाली नजर की जरूरत है। अगर हम गहराई में जाकर उन कहावतों और शब्दों के अर्थों को अपने जीवन में ढाल दिया तो साथियों दुखों की हिम्मत नहीं, असफलताओं की ताकत नहीं,जो हमारी ओर करवट बदल सके, बस जरूरत है हिम्मत, जज्बे, संकल्प की। सफलता तुम्हारे आगे सर झुकाए खड़ी होगी।

आज हम उन वैचारिकताओं के एक अंश, बड़े बुजुर्गों की कहावतों पर चर्चा करेंगे। वैसे तो कहावतें बहुत हैं जैसे दाने–दाने को मोहताज, ढाक के तीन पात, बुरी नजर वाले तेरा मुंह काला, घर का भेदी लंका ढाए, बंद मुट्ठी लाख की खुल गई तो फिर खाक की सहित हजारों कहावतें हमें मिलेगी पर आज हम चर्चा,ष्तू अपनी खूबियां ढूंढ, कमियां निकालने के लिए लोग हैंष।ष्अगर रखना ही है कदम तो आगे रख, पीछे खींचने के लिए लोग हैंष इस कहावत पर चर्चा करेंगे।
साथियों बात अगर हम, हतोत्साहित वह नुक्ताचीनी करने वाले चंद लोगों की करे तो,यह बिल्कुल कहावत सच बैठती है कि जिंदगी के नियम भी कबड्डी के खेल जैसे ही हैं। आपके सफलता की लाइन को टच करते ही लोग आपके पैर खींचने लगते हैं,जिसका मूल कारण द्वेष, प्रतिपक्ष में आत्मविश्वास की कमी, नकारात्मकता, मेहनत की कमी, अपने आप को यूसर्टिफाई करने की चाहत, अनकॉन्शियसली इंटेंशन, अपना स्टेटस बनाए रखना, कुदृष्टि और समाज में अपनी प्रतिष्ठा कम होने का डर इत्यादि के कारण है कि ऐसे लोग, किसी दूसरे अपने समकक्ष या प्रतिद्वंदी व्यक्ति को या तो सफल नहीं होने देते या सफलता की सीढ़ी पर पहुंचने के बाद उसके पैर खींचने में अपनी ताकत लगा देते हैं,ऐसा सदियों से युगा युगांतर से होता आया है।हर क्षेत्र में चाहे वह राजनीति, शिक्षा, सरकारी, गैर सरकारी, सामाजिक, सहकारिता, इत्यादि हर क्षेत्र में हमें कहीं ना कहीं दो व्यक्तियों, अनेक व्यक्तियों, समूह, दो गुटों, में टांगें खींचने की प्रथा होती आई है। सफलता के पैर खींचने की यह प्रथा राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी है। आए दिनों हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इसका नजारा देख रहे हैं कि, एक देश की नजर विश्व का ताज पहनने की चाहत की ओर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोविड– 19 फैलाने के आरोप के बाद उसकी अब इस साजिश पर दुनियाँ हैरान, है,अमेरिका को भूख मारने का था प्लान–फंगस के जरिए,अनाज,खाद्य पदार्थ, फसलों को बर्बाद करना था प्लान।

साथियों बात अगर हम कमियां ढूंढने वाले निंदक लोगों की करें तो,लोग बुराई इसलिए करते हैं,एक तो निन्दा का रस बडा ही स्वादिष्ट होता है जो एक बार मुँह लग जाए, फिर बार बार चखने को जी चाहता है।इस का स्वाद तो बचपन में ही परिवार व समाज द्वारा चखा जो दिया जाता है!अहं को संतुष्ट करना होता है कि देखो वह कितना बुरा है और हम कितने अच्छे हैं!जिसका जितना मोटा अहं, उसको निन्दा की खुराक भी उतनी ज्यादा चाहिए होतीहै। मेरा मानना है कि कमियां निकालने वालों या निंदकों को एक बहाना चाहिए होता है निन्दा का शिकार ढूँढने का।एक अजीब सी बढ़िया अनुभूति होती है उनको शिकार को निन्दा के तीर से मारने में!संयोग से एक दिन सत्संग में सुना:निन्दक व्यक्ति निन्दित व्यक्ति के धोबी के समान है। जैसे धोबी कपड़े के मैल को धोता है,वैसे निन्दक निन्दित व्यक्ति के बुरे कर्मों को धो देता है।और तो और निन्दक के बुरे कर्म निन्दा करने से और बढ़ जाते हैं।अब सत्संग तो सच का संग है,मैं वहाँ पर वर्णित किसी बात को असत्य नहीं समझ सकता। फिर भी लोग उतने महान तो नहीं है कि निन्दा करने में शून्यप्राय हो जाए लेकिन कर्मों वाली बात से इतना डर लगता है कि किसी की निन्दा करने से पहले हजार बार सोचना चाहिए कि अगले के कर्मों की मैल से मैं स्वयं को और मैला क्यों करूँ,मेरे कर्म कौनसा पहले ही उच्चकोटि के हैं? जाने अनजाने कुछ न कुछ तो गलत कर्म सबसे ही हो जाते हैं।हर वक्त दूसरे की बुराई करने वालों, कृपया इस तथ्य पर ध्यान दीजिए और कबीर दास जी के इस दोहे को याद कीजिए,वाकई यह दोहा सबके जीवन का परम सत्य है, कोई भी यहाँ दूध का धुला नहीं है।
बुरा जो देखन मैं चला,बुरा न मिलिया कोय।
जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।।
अतः निन्दा का पत्थर वही मारे जिसने कभी कोई निन्दनीय कार्य न किया हो अन्यथा निन्दक को स्वयं की अंतरात्मा धोबी कहकर ही पुकारेगी!
साथियों बात अगर हम पते की करें तो हमें सफलता प्राप्त करने वालों के कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़े होना चाहिए। उनसे प्रेरणा लेने का साहस जुटाना चाहिए। उनको अपना प्रेरणास्त्रोत बनाना चाहिए, ना कि उनकी टांगें खींचना चाहिए। बड़े बुजुर्गों ने भी कहा है कि जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदते हैं वह उसी गड्ढे में खुद गिरते हैं, बात सोलह आने सच है।
साथियों बात अगर हम प्रेरणा और सफल आदमी से प्रोत्साहन पाने की करें तो मेरी है निजी राय है कि सफलता के10 गुण होना चाहिए।
अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करेंगे तो हम देखेंगे कितू अपनी खूबियां ढूंढ, कमियां निकालने के लिए लोग हैं।अगर रखना ही है कदम तो आगे रख,पीछे खींचने के लिए लोग हैंजिंदगी के नियम भी कबड्डी के खेल जैसे हैं। सफलता की लाइन टच करते ही लोग आपके पैर पीछे लग जाते हैं। याने श्रेष्ठतम सफलता कांटों का ताज है।इसके लिए हिम्मत, जजबा और हौसले रूपी मंत्र का प्रयोग करना बहुत जरूरी है और आलोचना करने वाले प्रतिपक्ष को उपरोक्त 10 मंत्रों का पालन कर अपनी जिंदगी को श्रेष्ठतम बनाया जा सकता है जिससे उनका लोग भी सुधरेगा और परलोक में भी बाहर आएगी।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# एलेन संस्थान की ओर से मेधावी छात्रों को दिए गए नकद पुरस्कार, सम्मानित कर मनाया विजय उत्सव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रविवार को जीएमएस रोड स्थित होटल सन पार्क इन में आयोजित एक भव्य समारोह में एलेन करियर इंस्टीट्यूट द्वारा हाल ही में आयोजित जेई एडवांस्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों के सम्मान में विजय उत्सव मनाया गया। इस मौके पर नीट–यूजी में ऑल इंडिया रैंक–69 प्राप्त करने वाले सारांश मित्तल को एक लाख रुपए की राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत एलेन के जोनल हेड एवं वाइस प्रेसिडेंट सदानंद वाणी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस मौके पर एलेन उत्तराखंड के सेंटर हेड विनय माकिन ने अपनी अकादमिक, प्रशासनिक टीम और छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि एलेन को क्षेत्र का नंबर एक संस्थान बनाने का जो सामूहिक सपना था, वह अब साकार हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस मेहनती टीम को अपने लक्ष्य को पाने से कोई नहीं रोक




पुरस्कृत किए गए विद्यार्थी।

सकता। इस मौके पर करीब 71 छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए, जिनमें नीट–यूजी में ऑल इंडिया रैंक–69 प्राप्त करने वाले सारांश मित्तल को एक लाख रुपए और नीट यूजी में ऑल इंडिया रैंक–304 प्राप्त करने वाली अनुष्का राणा और जेई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक–536 हासिल करने वाले केशव मित्तल को 21–21 हजार रुपए नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। साथ ही अन्य छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जेई एडवांस्ड के शौर्य अग्रवाल (ऑल इंडिया रैंक–1141),आदित्य त्यागी (ऑल इंडिया रैंक–1529),कुषाग्र पंत (ऑल इंडिया रैंक–2405),दिव्यांशु रावत (ऑल इंडिया रैंक–2619) और नीट यूजी के इक्शित कोहली (ऑल इंडिया रैंक–2462), अदीबा नदीम (ऑल इंडिया रैंक–2582),तुषार कुमार (ऑल इंडिया रैंक–3133), अर्श गुसाईं (ऑल इंडिया रैंक– 4065) शामिल थे। साथ ही इस सत्र में उत्तराखंड से एनएसईजेएस के तीनों चयनित विद्यार्थी एलेन के ही छात्र थे, जिन्हें इस विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान सम्मानित किया गया। इनमें निर्मय प्रताप सिंह,आर्यमन चौबे, रुद्राक्ष रावत शामिल है। वहीं इससे पूर्व गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात एलेन देहरादून के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा एकल शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात सदानंद वाणी का प्रेरणादायक भाषण हुआ, जिसमें उन्होंने इस फलदायी यात्रा की नींव रखने वाली सोच पर प्रकाश डाला।

एलेन के वाइस प्रेसिडेंट सदानंद वाणी ने कहा कि अभिभावकों द्वारा संस्था में दिखाए गए विश्वास के लिए वह आभारी हैं। उन्होंने बताया कि अलग–अलग शाखाएं खोलने का उद्देश्य छात्रों को कोटा में दी जाने वाली शिक्षा और मूल्यों से परिचित कराना था, और आज इन सफल छात्रों को देखकर लगता है कि वह उद्देश्य पूरा हो गया है। सेंटर हेड विनय माकिन ने उत्तराखंड के छात्रों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके साथ जुड़कर ही ऐसा राष्ट्रीय स्तर का गौरवपूर्ण परिणाम संभव हो पाया।

## तेज रफ्तार मैक्स ने खड़ी कार पर मारी टक्कर, एक व्यक्ति की मौत, पांच लोग घायल

**चंपावत।** टनकपुर पूर्णागिरि मार्ग पर एक तेज रफ्तार मैक्स ने खड़ी कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक देर रात टनकपुर–पूर्णागिरि मार्ग पर गेंडाखाली के समीप टनकपुर से आ रही एक मैक्स जीप ने सड़क किनारे खड़ी एक कार को जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे कार के पीछे खड़े पांच युवक घायल हो गए, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इस दुर्घटना में मैक्स जीप चालक भी घायल हो गया। पुलिस के अनुसार हादसे में निर्मल सिंह (25 वर्षीय) पुत्र शिवराज सिंह, निवासी कार्की फार्म टनकपुर की दर्दनाक मौत हो गयी।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आरक्षण में कांग्रेसियों ने लगाया धांधली का आरोप

**श्रीनगर गढ़वाल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण में धांधली को लेकर कांग्रेस नेता गणेश गोदियाल ने अपने दलबल के साथ मुख्यालय पौड़ी पहुंच जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी से वार्ता की।

जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी डॉ आशीष चौहान से तथा विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत तथा जिला पंचायत राज अधिकारी से वार्ता के दौरान त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण में दो–दो बार अधिसूचना जारी कर शासन द्वारा आरक्षण लागू करने में मनमानी के तमाम रास्ते खोलने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत में आरक्षण लागू करने में भारतीय जनता पार्टी ने अंधेर गर्दी कर रखी है। अपने चाहतों को उनके द्वारा मां माफी का आरक्षण सुविधा दी गई है। कहां की शान और प्रशासन स्तर पर आरक्षण चयन में धांधली की गई है।

इस मुद्दे पर लंबी चर्चा उन्होंने जिलाधिकारी, सीडीओ व डीपीआरओ से की और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण को विधिवत और न्यायपूर्ण ढंग से लागू करने की मांग की। गोदियाल ने चुनाव संबंधी प्रक्रिया के दौरान जिलाधिकारी के ट्रांसफार हो जाने पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने इस दौरान कहा कि उनके द्वारा सीडीओ और पंचायती राज अधिकारी से सेंसेस की सत्यापित प्रति मांगी गई है।

# भूस्खलन के कारण मुनकटिया के पास राजमार्ग बाधित

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दो दिनों से सोनप्रयाग–गौरीकुंड के बीच मुनकटिया में पहाड़ी से लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण राजमार्ग बार–बार बाधित हो रहा है। जिस कारण तीर्थ यात्रियों को 6 किमी का अतिरिक्त सफर तय करने के साथ ही 24 किमी की पैदल दूरी नापनी पड़ रही है।

केदारघाटी में बीते एक सप्ताह से रुक–रुक बारिश जारी है। बारिश के कारण जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं केदारनाथ यात्रा पर भी इसका असर पड़ रहा है। यात्रियों की संख्या धीरे–धीरे घटती जा रही है। पहले जहां हर दिन यात्रा में 24 से 25 हजार के करीब तीर्थ यात्री धाम पहुंच रहे थे, वहीं अब यात्रा में 16 हजार के करीब तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। मौसम का असर यात्रा पर साफ तौर पर देखा जा रहा है। वहीं



राजमार्ग बाधित होने से दिक्कत झेलते यात्री।

लगातार हो रही बारिश के कारण अब केदारनाथ हाईवे भी रुकावट पैदा कर रहा है. हाईवे के सोनप्रयाग–गौरीकुंड के बीच मुनकटिया में लगातार पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिर रहे हैं, जिस कारण यहां पर यातायात बार–बार बाधित हो रहा है। यातायात बाधित होने से सोनप्रयाग से गौरीकुंड की 6 किमी की अतिरिक्त दूरी नापनी पड़ रही है। ऐसे में यात्रियों को केदारनाथ धाम पहुंचने के लिए 24 किमी का सफर तय करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश के कारण हाईवे पर जगह–जगह भूस्खलन हो रहा है, जिससे तीर्थ यात्रियों की जान को भी खतरा बना हुआ है। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम 19 किमी पैदल मार्ग के बीच भी जगह–जगह लैंडस्लाइड हो रहा है, जिस कारण श्रद्धालु बहुत ज्यादा परेशान हैं।

# ऋषिकेश में स्वर्गाश्रम ट्रस्ट ने पावन गंगा नदी के किनारे मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जश्न

**ऋषिकेश (नजरिया खबर ब्यूरो)।** स्वर्गाश्रम ट्रस्ट ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पावन गंगा नदी के किनारे विशेष समारोह का आयोजन किया।

इस वर्ष की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' तथा प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार पूरी दुनिया को योग के माध्यम से स्वस्थ बनाने के मद्देनज़र आयोजित इस समारोह में येमकेश्वर के एसडीएम श्अनिल कुमार चनलियाल ने भी शिरकत की। सुर्योदय के समय तकरीबन 350 लोगों ने पूरे उत्साह के साथ पारम्परिक योग आसनों में हिस्सा लिया, इनमें



योगाभ्यास करते हुए।

स्वर्गाश्रम ट्रस्ट के संस्कृत विद्यालय और बाल विद्या निकेतन से 100 छात्र शामिल थे। इस अवसर पर औषधीय गुणों वाले 100 पौधे भी लगाए गए। इस वर्ष के समारोह के लिए चुने गए आयोजन स्थल की विशेष आध्यात्मिक मान्यता है, क्योंकि यह स्थल भगवान राम की प्राचीन कथा से जुड़ा है। माना जाता है कि रावण को हराने के बाद भगवान राम ने प्रायश्चित के लिए इसी स्थान को चुना था। हालांकि बहती गंगा नदी की आवाज़ों के बीच उनकी एकाग्रता में बाधा आ रही थी। तभी उनके आह्वान पर देवी ने इस स्थान को दिव्य शांति का आशीर्वाद दिया, जबकि ऊपर और नीचे की ओर नदी की आवाज़ें स्पष्ट रूप से सुनाई देती हैं। इसी पावन स्थल पर सुर्योदय के साथ योग सत्र की शुरुआत हुई, जिसमें प्रतिभागियों को प्राणायाम करने का अवसर भी मिला। सत्र के बाद संस्कृति श्लोकों, संकल्प एवं शांति पाठ का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप पूरी दुनिया को योग के माध्यम से स्वस्थ बनाने की सोच के साथ इस समारोह का आयोजन किया गया, जैसा कि उन्होंने मन की बात में भी कहा था। 'योग' शब्द संस्कृत के शब्द 'युज' से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है 'एकजुट होना'– योग मन एवं शरीर, व्यक्ति एवं समाज तथा मानवता एवं प्राकृतिक दुनिया की एकजुटता का प्रतीक है।

स्वर्गाश्रम की स्थापना 1906 में श्री रामभगत जी द्वारा की गई थी। 1938 में जुगल किशोर बिरला की अध्यक्षता में इसे एक औपचारिक ट्रस्ट का रूप दिया गया।

# राजदूत व उच्चयुक्तों के साथ बैठक में निवेश आयुष, पर्यटन एवं संस्कृति पर हुई विस्तृत रणनीतिक चर्चा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तराखंड आए विभिन्न देशों के राजदूत/उच्चायुक्त/प्रतिनिधियों के साथ निवेश आयुष, पर्यटन एवं संस्कृति पर विस्तृत रणनीतिक चर्चा से संबंधित बैठक हरिद्वार में आयोजित की गई।

बैठक में मेक्सिको, फिजी, नेपाल, सूरीनाम, मंगोलिया, लातविया, श्रीलंका और रूस के राजनयिक व अन्य उच्च अधिकारियों के साथ ही उत्तराखंड सरकार की ओर से उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन विनय रुहेला, सचिव सचिन कुर्वे, धीराज गबर्याल, जुगल किशोर पंत, अपर सचिव अभिषेक रोहिल्ला विजय कुमार जोगदंडे, तथा उद्योग, आयुष, पर्यटन व संस्कृति विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



विभिन्न देशों के राजदूत/उच्चायुक्त व प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते अधिकारी।

राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाओं तथा राज्य सरकार द्वारा पर्यटन विकास के लिए गए महत्वपूर्ण कार्यों को रेखांकित करते हुए सचिव सचिन कुर्वे ने विदेशी डेलिगेट्स के समक्ष प्रस्तुतीकरण देते हुए बताया कि राज्य में 3 परिचालन हवाई अड्डे–देहरादून, पंतनगर और पिथौरागढ़–और 8 हेलीपोर्ट, जो दूरदराज के क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क सुनिश्चित करते हैं और पर्यटन और आपातकालीन पहुंच को बढ़ावा देते हैं। सड़क नेटवर्क की दृष्टिगत 46,000+ किलोमीटर सड़क नेटवर्क, विभिन्न भूभागों में सभी मौसमों में सम्पर्कता के साथ, दूरदराज, तीर्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों को वर्ष भर जोड़ता है। राज्य में रोपवे के मामले में परिवहन के वैकल्पिक साधन के रूप में राज्य में रोपवे विकसित किए जा रहे हैं। मसूरी, यमुनोत्री और पूर्णागिरि में रोपवे विकसित किए जा रहे हैं। राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और पुनर्विकास पहल टिहरी झील को जल और हवाई खेलों के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। जॉर्ज एवरेस्ट एस्टेट को बेहतर पहुंच, बुनियादी ढांचे और आगंतुक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया गया है। अपशिष्ट प्रबंधन के तहत केदारनाथ और बद्रीनाथ प्लास्टिक–विनियमित क्षेत्र हैं। बेहतर शौचालय पहल के तहत राज्य में बायो डाइजेस्टर शौचालय विकसित और संचालित किए जा रहे हैं। कौशल विकास के तहत पिछले 3 वर्षों में आतिथ्य क्षेत्र में 5500 से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है।साहसिक पर्यटन के तहत राज्य में स्कीइंग, बंजी जंपिंग सहित कई साहसिक गतिविधियां मौजूद हैं, जो इसे रोमांच चाहने वालों के लिए स्वर्ग बनाती हैं। ट्रैकिंग ट्रेल में केदारकांठा, फूलों की घाटी और हर की दून आकर्षण के केंद्र है।

परागलिडिंग में नौकुछताल, दयारा बुगयाल व धनोल्टी अपनी विशेष जगह बना रहे हैं। व्हाइट वॉटर राफ्टिंग में ऋषिकेश और टोंस, काली, अलकनंदा और धौलीगंगा तथा मछली पकड़ने में कोसी, सुपिन और टोंस नदी में गोल्डन महशीर और ट्राउट प्रजातियां आकर्षण का केंद्र है।

## नई टिहरी मे संदिग्ध परिस्थितियों मे पीआरडी जवान की मौत

**नई टिहरी।** नई टिहरी थाने के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों मे एक पीआरडी जवान ने फांसी लगा ली जिसकी सूचना कोतवाली टिहरी ने जवान के परिजनों को दी।

शनिवार को टिहरी अस्पताल पहुंचे परिजनों ने संदेह जताते हुए जांच की मांग करते हुए हंगामा किया जिस पर पुलिस ने परिजनों को समझाया स परिजनो ने जिलाधिकारी कार्यालय मे जाकर जांच की मांग की। जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय नई टिहरी में पीआरडी जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान रोशन प्रसाद नौटियाल (38 वर्ष), पुत्र शांति प्रसाद नौटियाल, निवासी पुजारगांव, प्रतापनगर के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, रोशन प्रसाद इन दिनों नई टिहरी में ड्यूटी पर तैनात थे। शनिवार सुबह उनका शव संदिग्ध अवस्था में मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल बौराड़ी भेजा।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस ने जिला प्रभारी घोषित किए

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा द्वारा पार्टी प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा की संस्तुति के उपरान्त त्रि–स्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मंत्री डॉ0 हरक सिंह रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकान्त धस्माना की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की अध्यक्षता में वरिष्ठ नेतागणों की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से निम्न वरिष्ठ नेताओं को त्रि–स्तरीय पंचायत चुनावों के लिए जिला प्रभारी नियुक्त किया गया जिसमें महेंद्र सिंह पाल पूर्व सांसद चंपावत, महेंद्र लूंठी बागेश्वर, धीरेन्द्र प्रताप अल्मोड़ा, भगीरथ भट्ट पिथौरागढ़, संजीव आर्या नैनीताल, वीरेंद्र जाती देहरादून, प्रदीप थपलियाल चमोली एवं लखपत बुटोला को पौड़ी जनपद का प्रभारी बनाया गया है। जनपदों में त्रि–स्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारी एवं चुनावों में पार्टी द्वारा समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र ही अपने प्रभार वाले जनपद के सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों से समन्वय स्थापित करेंगे।

# पंतनगर विश्वविद्यालय में हुआ भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन

**देहरादून/पंतनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शिरकत की। कृषि मंत्री ने विश्वविद्यालय के अध्यापकों, कार्मिकों, विद्यार्थियों, एनसीसी के कैडेटों तथा उधमसिंह नगर जनपद से पधारे नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।



योगाभ्यास करते कृषि मंत्री गणेश जोशी व अन्य।

योगाभ्यास के बाद कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में योग की जननी भारत ने इसे विश्व पटल पर लाया है। आज देश के 175 देश एक ही समय पर योग कर रहे थे। योग का अर्थ जोड़ना है और पीएम मोदी के नेतृत्व में आपसी सामंजस्य से जुड़ रहे हैं। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में योग को जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में संतुलन आता है, जिससे व्यक्ति न केवल स्वयं को बल्कि समाज और राष्ट्र को भी सशक्त बना सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत न केवल योगगुरु के रूप में, बल्कि वर्ष 2047 तक विश्वगुरु के रूप में स्थापित होगा। योग, युवाओं को स्वस्थ, सशक्त और सकारात्मक बनाते हुए विकसित भारत के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में योग दिवस के अवसर पर गैरसैंण में कई देशों के राजदूत योग करने के लिए पहुंचे है।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने मनाई पहली वर्षगांठ, किया पौधारोपण, भोजन सेवा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जहां एक ओर ब्रांड्स अपनी उपलब्धियों का जश्न केवल ऑफर्स और सेल्स से मनाते हैं, वहीं किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने मॉल ऑफ देहरादून में स्थित अपने स्टोर की पहली वर्षगांठ को समाज और पर्यावरण के नाम समर्पित कर एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की।




इस भव्य स्टोर का उद्घाटन पिछले वर्ष माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं कंपनी के संस्थापक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री घनश्याम ढोलकिया के करकमलों द्वारा हुआ था। उद्घाटन के अवसर पर श्री घनश्याम ढोलकिया ने वादा किया था कि एक वर्ष बाद, ठीक इसी दिन देहरादून में रक्तदान शिविर और पौधारोपण कर समाजसेवा को समर्पित किया जाएगा कृ और इस वर्षगांठ पर कंपनी ने उस वादे को पूरी निष्ठा से निभाया। इस विशेष अवसर पर किसना द्वारा महात्मा गांधी पार्क में पौधारोपण अभियान, श्अपना घरश बालिका आश्रम में भोजन वितरण, मॉल ऑफ देहरादून में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कंपनी के पीआर मैनेजर प्रियेश गामोट ने जानकारी देते हुए कहा, "पिछले वर्ष हमने उत्तराखंड के प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की थी और नंदा गौरा योजना में बेटियों के जन्म पर योगदान दिया। इस बार हमने एक कदम आगे बढ़ते हुए ग्राहकों के नाम से पेड़ लगाए, जरूरतमंदों को भोजन कराया, और रक्तदान जैसे पुण्य कार्य को अपनाया।" उन्होंने यह भी बताया कि "किसना हर महीने जितने उत्पाद बेचता है, उतनी ही संख्या में वंचितों को भोजन कराता है। हमारे लिए समाज के प्रति संवेदनशीलता केवल ब्ै नहीं, बल्कि ब्रांड की पहचान है।" भा.ज.पा. ऋषिकेश जिला मंत्री श्रीमती पुष्पा प्रजापति, मॉल के मार्केटिंग असिस्टेंट मैनेजर श्री सौरभ धोन्डियाल, किसना के एरिया ऑपरेशन्स मैनेजर श्री प्रकाश कैरा, साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी अपने परिवारों सहित इस अभियान में शामिल हुए और रक्तदान जैसे नेक कार्य को सराहा। वर्तमान में किसना के देहरादून में दो शोरूम संचालित हो रहे हैं, और तीसरे शोरूम का उद्घाटन भी जल्द ही होने वाला है।

23 June 2025_Copy of Layout 1 6/23/2025 5:01 PM Page 5



# जनपद नैनीताल में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनपद नैनीताल में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 की तैयारियों के दृष्टिगत कलक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी, वंदना सिंह, के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने पंचायत चुनाव की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और तय समयसीमा के भीतर पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली की गरिमा बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी पूरी सजगता से कार्य करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची का गहन परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। नामांकन प्रक्रिया नियत समयसीमा में पूरी हो तथा सभी अभ्यर्थियों की पात्रता का उचित परीक्षण किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां की तैयारियों की योजना समय रहते तैयार की जाए। यदि कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अतिरिक्त बल की आवश्यकता हो तो उसका प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाए। साथ ही, आपदा से संबंधित सभी आवश्यक प्रबंध भी सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में मतदान केंद्रों की स्थिति, लॉजिस्टिक व्यवस्थाएं, कार्मिक तैनाती, सुरक्षा इंतजाम, मतदाता सूची का पुनरीक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई अथवा लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही प्रशिक्षण नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि रिटर्निंग ऑफिसर्स एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तत्काल तैयार की जाए और प्रशिक्षण प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अनामिकाय अपर जिलाधिकारी, विवेक रायय नगर आयुक्त, रिचा सिंहय उप जिलाधिकारी हल्द्वानी, राहुल साहय निर्वाचन से जुड़े नोडल अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर्स एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स उपस्थित रहे।

## उपलब्धियों भरा रहा डीएम गहरवार का दो साल का कार्यकाल

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में दो वर्ष की सेवाएं देने के बाद जिलाधिकारी सौरभ गहरवार अब सिडकुल के एमडी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीएमजीएसवाई के पद पर अपनी सेवाएं देने जा रहे हैं।

उन्होंने वर्ष 2023 में उन्होंने केदारनाथ धाम यात्रा का दूसरा चरण शुरू होने से पहले जनपद की कमान संभाली थी। पिछले दो वर्षों में उनके नेतृत्व में जनपद को नई दिशा और विकास कार्यों को रफ्तार मिली। जनपद में उनका कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा। केदारनाथ धाम यात्रा मैनेजमेंट में उनके द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना पूरे प्रदेश में हुई। वहीं जनपद में नए उद्योगों की स्थापना से लेकर राजस्व में वृद्धि भी हुई है। जनता और विकास से जुड़े मुद्दों पर उनकी कार्यशैली का प्रभाव भी लंबे समय तक रुद्रप्रयाग की जनता पर रहेगा। यही कारण है कि जनपद से उनके तबादले की सूचना सुनते ही जनपदभर और सोशल मीडिया पर लोग दुःख और रोष जाहिर कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री की घोषणा के आठ साल बाद भी कैलब सड़क नही बनी, लोग हो रहे परेशान

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकास खंड पोखरी के अंतर्गत हरिशंकर–कैलब सड़क मुख्य मंत्री की घोषणा के आठ साल बाद भी नही बन पायी है। बताया गया है कि वन भूमि हस्तांतरण की कार्यवाई नही हुई है। शनिवार को ग्रामीण लोक निर्माण विभाग पोखरी के अधिशासी अभियंता से मिले और सड़क निर्माण की कार्रवाई जल्द करने की मांग की है। विभाग की ओर से एक सप्ताह में भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही कर शासन को भेजने का आश्वासन दिया गया।

ग्रामीण शिवप्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद, दिनेश गैरोला,उमेश चन्द्र, भोलादत्त जोशी, कृष्णा गैरोला, निवर्तमान प्रधान देवेन्द्र सहित कई लोगो ने कहा कि सड़क यातायात के अभाव में 65 परिवारो के गांव कैलब में 63 परिवार पलायन कर गये थे। गांव में केवल दो परिवार रह गये थे। 2018 में प्रवासी ग्रामीण गांव लौटे और रिवर्स पलायन पर सहमति जताते हुऐ गांव में रहने का मन बनाया गया और गांव की मूलभूत समस्या सड़क यातायात थी। सड़क की मांग को लेकर तत्कालीन मुख्य मंत्री त्रिवेन्द रावत से मिले और उडामांडा– रौता सड़क पर हरिशंकर से कैलब के लिये पांच किमी. सड़क की स्वीकृति की मांग की । सड़क की स्वीकृति मिली। पुनरू मुख्य मंत्री ने पोखरी में सार्वजनिक मंच से इस सड़क की घोषणा की। लेकिन आठ साल गुजरने के बाद भी सड़क का सपना साकार नही हुआ।

## लालकुआं में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने कराया उपचार

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगर के होली ट्रिनिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 258 में रोगियों को उपचार, जांच एवं दवा वितरित की गई।

रविवार की प्रातः 10 बजे से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में भारी संख्या लोगों की भीड़ लग गई, चिकित्सकों ने निरूशुल्क परामर्श देने के साथ–साथ, उन्हें आवश्यक दवाईयां एवं मधुमेह तथा नसों से संबंधित जांच भी की गई, शिविर में सिर दर्द, कमर दर्द, रीढ़ एवं स्पाइन चोट का दर्द, नसों का दर्द, पेट दर्द ,पायल्स सहित मौसमी बुखार, नेत्र और दांत रोग से संबंधित उपचार किया गया। शिविर में 258 लोगों का पंजीकरण किया गया था। शिविर में हल्द्वानी के न्यूरोसर्जन डा अजय बजाज, नेत्र चिकित्सक डॉ राजेन्द्र मिश्रा, डॉ उपकार यादव, डॉ राजेन्द्र मिश्रा, प्रियांशु तिवारी, टेक्निशन अमित, पूर्व विधायक नवीन चन्द्र दुम्का, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेन्द्र बोरा, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र लोटनी, पूर्व चौयरमेन रामबाबू मिश्रा, पवन चौहान, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, समाजसेवी अजय चौधरी, युवा भाजपा नेता मोहित गोस्वामी, चौधरी सर्व दमन सिंह, सभासद भुवन पाडे, वरिष्ठ कांग्रेसी कुंदन मेहता, हेमन्त पाडे, सुरेश शाह, दीपक बत्रा, सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। इधर कार्यक्रम के आयोजक एनयूजेआई के नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार ने शिविर के सफल संचालन के लिए चिकित्सा स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी इस तरह के शिविर लगते रहेगें। ।



लालकुआं में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में उपचार कराते क्षेत्रवासी।

## रामलीला मंचन में रावण व मेघनाथ तथा मेघनाथ व लक्ष्मण का संवाद ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गंगा घाटी के गांव बमोथ में हुई नौवें दिन की रामलीला मंचन में मेघनाथ व रावण तथा लक्ष्मण और मेघनाथ के संवाद ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। लीला का शुभारंभ गौचर पुलिस चौकी प्रभारी मानवेन्द्र गुसाईं ने राम दरबार में रिबन काट कर किया।



उन्होंने उपस्थित दर्शकों से अपनी इस परम्परा को जीवंत बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे भक्तिमय माहौल में किसी को भी शराब का सेवन नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा राम हमारे हैं हम राम के है। प्रभु राम की कृपा आप सभी पर बनी रहे।

सर्वप्रथम श्री रामचन्द्र जी की आरती के बाद हुई नन्ही मुन्नी बालिकाओं का कौरश (लोकनृत्य) भी दर्शकों के मध्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। दर्शकों द्वारा भी बच्चियों की हौसला अफजाई करते हुऐ उन्हें इनाम दिया गया। रावण के पात्र के रूप में जगमोहन भट्ट व मेघनाथ के पात्र के रूप में सेवा निवृत्त अध्यापक धन सिंह ठाकुर का संवाद और लक्ष्मण व मेघनाथ का संवाद ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर खूब वाहवाही बटोरी। लीला में हनुमान जी के पात्र के रूप में विवेक ठाकुर, राम के पात्र में सुखवीर मल्ल, लक्ष्मण के पात्र में प्रांजल भट्ट, सीता माता की पात्र में प्रियांशु भंडारी, सुसेन वैध के पात्र में किशन लखेड़ा, मन्दोदरी के रूप में दीपक भंडारी के प्रस्तुतिकरण को भी दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। लक्ष्मण शक्ति तक हुई लीला का दर्शक देर रात तक आनन्द लेते रहे।

रामलीला मंडली अध्यक्ष राकेश भट्ट के कुशल नेतृत्व तथा उनकी पूरी टीम की सक्रियता व सहभागिता की भावना से ओत–प्रोत हो रहे लीला मंचन के इस मौके पर मुख्य अतिथि मानवेन्द्र गुसाईं के साथ आऐ विशिष्ठ अतिथि राकेश चौहान, मंडली के पदाधिकारी धन सिंह ठाकुर, प्रदीप लखेड़ा, संगीतज्ञ हारमोनियम मास्टर विनोद पुरोहित, नव युवक मंगल दल अध्यक्ष अतुल भट्ट, धीरज नेगी, नागेन्द्र नेगी, हरीश नेगी, नरेन्द्र सिंह भंडारी, जितेन्द्र मल्ल, नत्था सिंह मल्ल, प्रमोद रावत, विनोद रावत, कृष्णचंद्र भट्ट, लक्ष्मी प्रसाद पन्त, शिवराज सिंह ठाकुर , कलम सिंह खत्री, नरेंद्र चौहान, कैलाश पुरोहित, आदि कार्यकर्ता, पदाधिकारी व भारी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।

# नगरपालिका गौचर सहित ग्रामीण क्षेत्र सूगी व बमोथ आदि में भी मनाया गया विश्व योग दिवस

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगरपालिका गौचर के तत्वावधान में आयोजित हुऐ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सामुहिक रूप में मनाया गया।

इस दौरान पतंजलि योग संस्था की महिला सदस्यों पुष्पा कनवासी, मुन्नी बिष्ट, सुशीला बिष्ट, सन्नू नेगी व राखी कनवासी द्वारा पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी को पतंजलि द्वारा निर्मित उत्पाद भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं ग्रामीण इलाके की ग्राम पंचायत सूगी व बमोथ सहित कई गांवों में भी योग दिवस को धूमधाम से मनाया गया। पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी ने नेतृत्व में गौचर मेला पाण्डाल में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों, एसडीआरएफ के जवानों, बीआरओ के कमान अधिकारी व कार्मिकों, डायट गौचर के डीएलएड प्रशिक्षुओं, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के शिक्षकों व छात्र छात्राओं, पतंजलि योग संस्था की महिला



सदस्यों, अधिशासी अधिकारी हेमन्त चौहान, अवर अभियंता राजीव चौहान, सुबोध रावत, रोशन पुंडीर, रघुनाथ सिंह खत्री, लक्ष्मण सिंह, वार्ड सभासद, पर्यावरण मित्रों सहित आमजन ने प्रतिभाग किया।

उपस्थित सभी लोगों को योग प्रशिक्षक अशोक बिष्ट, सहायक अध्यापक शिव दर्शन नेगी और पतंजलि योग की महिला सदस्यों पुष्पा कनवासी, मुन्नी बिष्ट, सुशीला बिष्ट श्रीमती सन्नू एवं राखी द्वारा योग कराने के साथ ही योग संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई।इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश कनवासी, वार्ड सभासद विनोद कनवासी, ममता देवी, वन्दना राणा, पूनम रावत, जयवीर बिष्ट, शिव दर्शन नेगी, हरीश नयाल आदि भी शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत सूगी में आयुर्वेदिक चिकित्सालय सूगी की फार्मेसिस्ट अधिकारी कु. लक्ष्मी, स्वास्थ कर्मी मुकेश थपलियाल व बमोथ में योग प्रशिक्षक रेखा लखेड़ा और सीएचओ दिक्षा ने भी लोगों को योगा प्रणायाम आदि कराऐ गये।

## महंत देवेन्द्र दास महाराज ने योग दिवस पर देशवासियों को दी बधाई

**देहरादून।** श्री दरबार साहिब के सज्जादा गद्दीनशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों व देशवासियों को बधाई एवम हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नित्य की भांति श्री दरबार साहिब में प्रातः योगाभ्यास किया। इस अवसर पर श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि योग हज़ारो साल पुरानी एक आध्यात्मिक और शारीरिक विद्या है। नियमित योगाभ्यास को न सिर्फ शरीर की मजबूती बल्कि मन की शांति के लिए भी अपनाया जाता है। आज के बदलते परिवेश में तनाव अनेक रोगों का कारण बन रहा है।

## हत्या की नियत से फायरिंग करने वाले 3 लोग गिरफ्तार

**उधमसिंहनगर।** हत्या की नियत से घर पर आकर फायरिंग करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने मात्र 12 घंटे अंदर ही गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नाली बंदूक व कारतूस बरामद किये गये है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर मणिकांत मिश्रा ने बताया कि यह सनसनीखेज घटना 19 जून, 2025 की रात लगभग 9 बजे की है। बताया कि मामले में रंजीत सिंह पुत्र बलवीर सिंह, निवासी ग्राम बमनपुरी, सितारगंज 20 जून को कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर बताया गया था कि घटना की रात लवप्रीत सिंह, साहब सिंह, शेरा पुत्र और गुरमन सहित कुछ लोगं उनके घर के ठीक बाहर आ गए। उन्हें घर से बाहर निकलने की धमकी देनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उनके घर के मुख्य गेट पर लात मारना शुरू कर दिया। जैसे ही वह (रंजीत सिंह) घर से बाहर आए और गेट की ओर बढ़े, गेट पर खड़े आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

## पीआरडी जवानों को मिली आधुनिक सुविधाएं, सेहत और खुराक का भी रखा जा रहा विशेष ध्यान

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में केदारनाथ धाम यात्रा को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने में दिन–रात खुद को झोंक कर रखने वाले कार्मिकों की हर सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। खास तौर पर आर्थिक रूप से कम सक्षम स्थानीय लोग जो अमूमन पीआरडी के माध्यम से यात्रा मैनेजमेंट में अपना सहयोग देते हैं।

उन्हें हर सुविधा के साथ अच्छी खुराक उपलब्ध हो, इसके लिए डीएम गहरवार के कार्यकाल में प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं शुरू की। जवानों को लिबर्टी कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले ट्रैकिंग जूते, मौजे, मफलर, टोपी और रेन कोट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं सोने के लिए नए गद्दे, रजाई और कंबल भी दिए गए हैं। खुराक का विशेष ध्यान रखते हुए हर 15 दिनों में सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा भेजी गई मांग के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाला राशन भी प्रशासन की ओर से ही दिया जा रहा है। उधर, सेक्टर में तैनात सभी जवानों का 20 लाख रुपए का बीमा भी प्रशासन की ओर से कराया गया है।

वहीं, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रेस्क्यू के लिए अच्छे स्ट्रेचर, नाइट विजन के लिए एलईडी एवं फोकस लाइट से लेकर उच्च गुणवत्ता वाली रस्सी, स्टिक एवं फर्स्ट एड किट जवानों को उपलब्ध कराई गई है। हर प्राथमिक सुविधा प्रशासन की ओर से उपलब्ध होने से एक ओर इन जवानों की जेब का भार कम हुआ है।

## योग का मतलब खुशी, योग हमें जीना सिखाताः सांसद अजय भट्ट

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर नैनीताल के फ्लैट्स मैदान में सांसद अजय भट्ट और आयुक्त दीपक रावत ने छात्र छात्राओं समेत अन्य लोगों के साथ योग किया। सांसद ने मौजूद लोगों को योग का इतिहास और नफा नुकसान बताए। 11वें विश्व योग दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और मुख्यमंत्री सचिव व आयुक्त दीपक रावत ने योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया।



योगाभ्यास के दौरान सांसद अजय भट्ट व अन्य।

कुमाऊं विश्वविद्यालय की योग शिक्षिका डॉ.दीपा ने सूर्य आसन, वृक्षासन, भद्र आसन, उष्ठ आसान, वृक्ष आसन, वज्र आसन, अर्ध उष्ठ आसन, मकर आसन, भुजंग आसन, सलवासन, कपाल भारती, रामरी प्राणायाम, उत्थान मंडूप आसन, भ्रामणि प्राणायाम, ताड़ आसन, दण्डासन, शलभासन, सेतु बंदसन, अर्ध चक्र आसन, पवन मुक्तासन, शवासन, कपाल भारती, नदी शोधन, शीतली भ्रमडी आसन, ध्यान आसन समेत कई आसन कराए। आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, मिडिल स्कूल, संवाल, जी.पी.एस., एसडेल, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, रामा मोंटेसरी स्कूल, सी.आर.एस.टी. आदि के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि सरिता आर्या ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम लगाएं। शरीर को चुस्त दुरुष रखें। शहर में हर जगह योग दिवस मनाया जा रहा है।

## नगर पालिका गौचर के तत्वावधान मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सामुहिक रूप में हुआ आयोजित

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगरपालिका गौचर के तत्वावधान में आयोजित हुऐ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सामुहिक रूप में मनाया गया।

इस दौरान पतंजलि योग संस्था की महिला सदस्यों पुष्पा कनवासी, मुन्नी बिष्ट, सुशीला बिष्ट, सन्नू नेगी व राखी कनवासी द्वारा पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी को पतंजलि द्वारा निर्मित उत्पाद भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं ग्रामीण इलाके की ग्राम पंचायत सूगी व बमोथ सहित कई गांवों में भी योग दिवस को धूमधाम से मनाया गया। पालिकाध्यक्ष संदीप




नेगी ने नेतृत्व में गौचर मेला पाण्डाल में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों, एसडीआरएफ के जवानों, बीआरओ के कमान अधिकारी व कार्मिकों, डायट गौचर के डीएलएड प्रशिक्षुओं, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के शिक्षकों व छात्र छात्राओं, पतंजलि योग संस्था की महिला सदस्यों, अधिशासी अधिकारी हेमन्त चौहान, अवर अभियंता राजीव चौहान, सुबोध रावत, रोशन पुंडीर, रघुनाथ सिंह खत्री, लक्ष्मण सिंह, वार्ड सभासद, पर्यावरण मित्रों सहित आमजन ने प्रतिभाग किया।

उपस्थित सभी लोगों को योग प्रशिक्षक अशोक बिष्ट, सहायक अध्यापक शिव दर्शन नेगी और पतंजलि योग की महिला सदस्यों पुष्पा कनवासी, मुन्नी बिष्ट, सुशीला बिष्ट श्रीमती सन्नू एवं राखी द्वारा योग कराने के साथ ही योग संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई।

इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश कनवासी, वार्ड सभासद विनोद कनवासी, ममता देवी, वन्दना राणा, पूनम रावत, जयवीर बिष्ट, शिव दर्शन नेगी, हरीश नयाल आदि भी शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत सूगी में आयुर्वेदिक चिकित्सालय सूगी की फार्मेसिस्ट अधिकारी कु. लक्ष्मी, स्वास्थ कर्मी मुकेश थपलियाल व बमोथ में योग प्रशिक्षक रेखा लखेड़ा और सीएचओ दिक्षा ने भी लोगों को योगा प्रणायाम आदि कराऐ गये।

23 June 2025_Copy of Layout 1 6/23/2025 5:01 PM Page 7



# हरिद्वार में नभ नेत्र ड्रोन से होगी कांवड़ यात्रा की निगरानी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का नभ नेत्र ड्रोन इस साल कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में तैनात रहेगा। ड्रोन के जरिए हरिद्वार के भीड़भाड़ वाले स्थलों, सड़कों, घाटों तथा पुलों की निगरानी की जाएगी।

राज्य तथा जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से नभ नेत्र ड्रोन के विजुअल्स की निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। शनिवार को यूएसडीएमए स्थिति कंट्रोल रूम में कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप ने यह निर्देश दिए। 11 जुलाई से प्रारंभ हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भी अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। शनिवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक हुई। उन्होंने बताया कि



कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक लेते अधिकारी।

आईआरएस की अधिसूचना जारी कर दी गई है। कांवड़ यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं एवं आकस्मिकताओं का प्रभावी तरीके से सामना करने में आईआरएस उपयोगी साबित हो सकता है। उन्होंने कांवड़ यात्रा से संबंधित जनपदों के अधिकारियों से आईआरएस प्रणाली को अपनाने तथा इसके तहत ही यात्रा को लेकर आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से योजना का निर्माण करने को कहा।

श्री स्वरूप ने कहा कि कांवड़ यात्रा के सुगम एवं सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों के मध्य आपसी समन्वय बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी विभागों में सिंगल प्वाइंट आफ कांटेक्ट हेतु एक जिम्मेदार अधिकारी को नामित करने तथा उनकी सूची एसईओसी और डीईओसी के साथ साझा करने के निर्देश दिए।

बता दें कि कांवड़ यात्रा के लिए जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को मास्टर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा और यहीं से यात्रा की संपूर्ण निगरानी की जाएगी। 30 जून को यूएसडीएमए द्वारा बाढ़ को लेकर आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल के दौरान हरिद्वार में सुरक्षित कांवड़ यात्रा तथा गंगा घाटों में सुरक्षा के इंतजामों को परखने के लिए विशेष रूप से मॉक ड्रिल की जाएगी। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन श्री आनंद स्वरूप ने खासतौर पर इसके निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा पर आने वाले कांवड़ियों के मोबाइल फोन में सचेत एप डाउन लोड कराया जाएगा। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी ने कहा कि सचेत एप कांवड़ियों को मानसून अवधि में मौसम संबंधी सूचनाएं तथा अलर्ट प्रदान करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने एंट्री प्वाइंट्स में सचेत एप डाउन लोड करने संबंधी होर्डिंग तथा बार कोड लगाए जाने के निर्देश दिए। टोल फ्री नंबर 112, 1070, 1077 के बारे में भी कांवड़ियों को अवगत कराया जाएगा ताकि वे किसी आपात स्थिति में इन नंबरों में फोन कर मदद मांग सकें।

गंगा घाटों में कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने बताया कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जल पुलिस के अलावा 60 आपदा मित्र भी गंगा घाटों में तैनात रहेंगे। कांगड़ा घाट में सुरक्षा के खास इंतजाम किए जाएंगे। एनडीआरएफ की एक टीम कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में तैनात रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर देहरादून से अतिरिक्त टीमों को रवाना किया जाएगा।

एससीईओ प्रशासन आनंद स्वरूप ने कांवड़ यात्रा के दौरान आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से संभावित आकस्मिकताओं जैसे, भगदड़, नदी में डूबना, भंडारा स्थल, अस्थायी कैंपों में अग्निकांड, बारिश, बाढ़ और जलभराव, संक्रामक बीमारियों का प्रसार, जाम की समस्या, दुर्घटनाएं आदि को नियंत्रित करने हेतु तैयारी रखने तथा किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में तुरंत राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए।

## जागरूकता और स्वास्थ्य सेवा के लिए बी सेफ फाउंडेशन ने योग दिवस रिट्रीट आयोजित किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, बी सेफ फाउंडेशन फॉर अवेयरनेस एंड हेल्थकेयर ने मोतीचूर रेंज के वन अधिकारियों के लिए एक कायाकल्प करने वाला योग और ध्यान सत्र आयोजित किया। इस दौरान काफी अधिक दबाव वाले प्राकृतिक वातावरण में सेवा करने वालों के स्वास्थ्य के लिए ओवरऑल वेलनेस के महत्व को उजागर किया गया।

जंगल की शांतिपूर्ण माहौल के बीच आयोजित, इस सत्र में तनाव को कम करने और मानसिक स्पष्टता को बढ़ाने के उद्देश्य से सांस लेने, स्ट्रेचिंग और माइंडफुलनेस तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस पहल ने शारीरिक वेलनेस और परिचालन पर ध्यान केन्द्रित करने के बीच महत्वपूर्ण संबंध को मजबूत किया। इस दौरान महत्वपूर्ण एरियाज में काम करने वाले महत्वपूर्ण लोगों को तनाव से मुक्त होकर काम करने के उपयोगी सुझाव भी दिए गए।

विनय शर्मा, प्रवक्ता, बी सेफ फाउंडेशन फॉर अवेयरनेस एंड हेल्थकेयर ने कहा कि प्रकृति की अग्रिम पंक्ति में रहने वालों के लिए, वेलनेस एक लग्जरी नहीं है, यह एक आवश्यकता है। योग उस संतुलन को बनाने में मदद करता है। उन्होंने कहा, योग और ध्यान आंतरिक शांति को बहाल करने और शारीरिक मजबूती बनाने का एक सरल लेकिन शक्तिशाली तरीका प्रदान करता है, जो काम के काफी अधिक दबाव वाले प्राकृतिक वातावरण में काम करने वालों के लिए आवश्यक है।

## योगमय हुई बाबा केदारनाथ की नगरी, योगाभ्यास में उमड़ा जनसैलाब

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विश्व प्रसिद्ध 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक भगवान केदारनाथ धाम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की धूम रही। ऊंचे हिमालय की गोद में स्थित इस दिव्य धाम की आध्यात्मिक ऊर्जा के बीच जब योग की विभिन्न क्रियाएं संपन्न हुईं, तो वातावरण पूरी तरह योगमय हो उठा।

आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित योग सत्र में बड़ी संख्या में तीर्थ पुरोहितों, गढ़वाल विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं, एसडीआरएफ, उत्तराखंड पुलिस, बदरी–केदार मंदिर समिति के अधिकारी एवं कर्मचारियों, साथ ही देश–विदेश से आए श्रद्धालु तीर्थयात्रियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ केदारनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी बागेश लिंग द्वारा किया गया। उन्होंने


योगाभ्यास करते साधक।

स्वयं भी योग क्रियाओं में भाग लेकर आस्था और स्वास्थ्य का संदेश दिया। उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि यह आत्मा और को जोड़ने की साधना है, विशेषकर इस पावन धाम में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। योग कार्यक्रम का संचालन योग अनुदेशक सर्वेश तिवारी एवं योग अनुदेशक अरविंद शुक्ला द्वारा किया गया. उन्होंने उपस्थित जनसमूह को ताड़ासन, भुजंगासन, वृक्षासन, वज्रासन, अनुलोम–विलोम एवं प्राणायाम जैसी विविध यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया।

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की समीक्षा बैठक में राज्य मिशन निदेशक ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण देहरादूनः आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में राज्य मिशन निदेशक व राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने एबीडीएम के निर्धारित लक्ष्यों को यथा समय हासिल करने के निर्देश दिए। स्कैन एंड शेयर सुविधा को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी उन्होंने जरूरी बताया।

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में राज्य मिशन निदेशक रीना जोशी ने कहा



राज्य मिशन निदेशक बैठक लेते हुए।

कि माइक्रोसाइट्स प्रोजेक्ट के तहत प्राइवेट चिकित्सा की सभी छोटी इकाइयों का पंजीकरण किया जाना है, ताकि वहां पर भी लाभार्थियों को डिजिटल सुविधाओं का लाभ दिया जा सके। लोगों को सिर्फ अस्पताल का पर्चा बनाने के लिए लगने वाली कतारों से छुटकारा मिल सके। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों में स्कैन एंड शेयर व्यवस्था को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को जरूरी बताते हुए इस संदर्भ में सभी जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु एबीडीएम से जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप पूरी गति व गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया कि वर्तमान में देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व उधम सिंह नगर में माइक्रोसाइट्स प्रोजेक्ट के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत प्रयोगशाला, क्लीनिक, 50 बैड तक के अस्पताल, ब्लड बैंक, डायलिसिस सेंटर व फार्मेसी का डिजिटलाइजेशन कर पंजीकरण कराया जाना है। प्रोजेक्ट में अभी तक उक्त चार जनपदों में 3030 चिकित्सा इकाइयों को पंजीकृत किया जा चुका है। वहीं 3728 चिकित्सा कार्मिक जिसमें डाक्टर व नर्सेज शामिल हैं को पंजीकृत किया गया है। पंजीकृत इकाइयों में लगभग 4.76 लाख हेल्थ रिकार्ड पंजीकृत हुए हैं। इस अवसर पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक वित्त अभिषेक आनंद, निदेशक प्रशासन डा विनोद टोलिया, अपर निदेशक प्रशासन निखिल त्यागी, अपर निदेशक आईटी अमित शर्मा व एबीडीएम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# योग दिवस पर भव्य योग व मेंटल वेलनेस शिविर का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई फिट इंडिया और थोड़ा तेल–चीनी कमध् जैसी जन–जागरूकता मुहिमों को जमीनी स्तर पर आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है सामाजिक संस्था विचार–एक नई सोच। यह संस्था विगत कई वर्षों से योग, ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यरत है।

इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा एक वृहद योग एवं मेंटल वेलनेस शिविर का आयोजन मोथरोवाला केदारपुरम् स्थित एक निजी शैक्षणिक संस्थान में किया गया।शिविर में सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर योग और मानसिक संतुलन के विभिन्न आयामों से जुड़ाव महसूस किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था



योगाचार्यों को सम्मानित करते हुए।

के संरक्षक अरुण शर्मा, अध्यक्ष अरुण चमोली और सचिव राकेश बिजल्वाण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के उस संकल्प की सराहना की, जिसमें योग को विश्व पटल पर भारत की प्राचीन परंपरा के रूप में स्थापित किया गया है।

उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को लचीला बनाना नहीं, बल्कि मन, आत्मा और ऊर्जा केंद्रों को जागृत करने की साधना है।

योग, ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख आकर्षण रहे संस्था से जुड़े मेंटल वेलनेस कोच एवं ग्रैंड मास्टर गणेश काला, जिन्होंने प्रतिभागियों को भावनात्मक मुक्ति तकनीक/टैपिंग थैरेपी और मास एनर्जी हीलिंग की सरल लेकिन प्रभावशाली क्रियाओं का अभ्यास करवाया। गणेश काला ने वैज्ञानिक शोधों का हवाला देते हुए कहा कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी अब यह स्वीकार कर चुका है कि लगभग 90 प्रतिशत बीमारियाँ साइकोसोमैटिक होती हैं, यानी उनका मूल कारण हमारे मन और विचार होते हैं। जब हम नकारात्मक विचारों, बीते अनुभवों, दबे हुए भावों या अवांछनीय विश्वासों को अपने भीतर लगातार संजोए रखते हैं, तो वे हमारी ऊर्जा प्रणाली को बाधित करते हैं और धीरे–धीरे हमारे शरीर की कोशिकाओं पर विपरीत प्रभाव डालते हैं। गणेश काला ने स्पष्ट किया कि जब तक हम अपने अंतर्मन की सफाई, यानी अपने भीतर छिपे भावनात्मक ज़हर और मानसिक जाल को नहीं हटाते, तब तक कोई भी शारीरिक चिकित्सा या उपचार स्थायी रूप से सफल नहीं हो सकता। यही कारण है कि अब चिकित्सा जगत में भी मेंटल हीलिंग और ऊर्जा संतुलन (एनर्जी बैलेंसिंग) की तकनीकों की भूमिका को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

## ऑटो से हल्दूचौड़ जा रही युवती ऑटो से गिरकर जख्मी

**लालकुआं।** गोलगप्पे देने को ऑटो से हल्दूचौड़ जा रही युवती अचानक ऑटो से गिर गई, इससे उसके सिर एवं पांव में गंभीर चोट आई है, पीएचसी लालकुआं में उपचार के बाद हालात गंभीर होने पर उसे हल्द्वानी सुशीला तिवारी चिकित्सालय को रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार आज दोपहर को नगर के वार्ड नंबर एक निवासी टिक्की एवं चाट कारोबारी कांता प्रसाद की बेटी गुड़िया उम्र 19 वर्ष गोलगप्पे देने हल्दूचौड़ जा रही थी, जैसे ही ऑटो पाल स्टोन के सामने पहुंचा था तभी ऑटो में बैठी गुड़िया अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे उसके सिर एवं पांव में गंभीर चोट आ गई, सड़क में तड़प रही गुड़िया को वहीं ऑटो चालक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं लेकर आया जहां उसका उपचार किया गया।

## दो चरणों में पंचायत चुनाव को कांग्रेस ने बताया भाजपा सरकार की चुनाव जीतने की चाल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसको लेकर उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने दो चरणों में कराये जा रहे पंचायत चुनाव को लेकर सरकार पर कटाक्ष किया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा केवल 12 जिलों के चुनाव सरकार एक साथ कराने में भी सक्षम नहीं है। इसका तात्पर्य यह है कि सरकार महाराष्ट्र का मॉडल यहां लेकर आ रही है। इधर के वोटर उधर करके, और उधर के वोटर इधर करके भाजपा चुनाव जीतना चाहती है। करन माहरा ने आरोप लगाया कि चुनाव को प्रभावित करने की नीयत से सरकार दो चरणों में चुनाव कराने जा रही है। उन्होंने इसे मजाक बताते हुए कहा कि धामी सरकार और इलेक्शन कमिशन से 12 जिले भी नहीं संभल पा रहे हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा धामी सरकार उनके मंत्री और प्रवक्ता उनकी इस बात का जवाब नहीं दे पा रहे हैं कि चुनाव 2011 की जनगणना के आधार पर होने जा रहे हैं, किंतु रोस्टर जीरो कर दिया गया है। कानूनी रूप से यह पहले से ही तय है कि चुनाव कैसे होंगे और आरक्षण की क्या व्यवस्था होगी, लेकिन आज जनसंख्या के हिसाब से आरक्षण तय कर दिया जा रहा है।

## समीर सिन्हा बने वन विभाग के नए मुखिया

**देहरादून।** प्रदेश के वन विभाग में मौजूदा प्रमुख वन संरक्षक हॉफ धनंजय मोहन ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। इस तरह उत्तराखंड वन विभाग में मुखिया की जिम्मेदारी देख रहे धनंजय मोहन अब सेवानिवृत्त हो गए हैं। वन मुखिया की नई कमान समीर सिन्हा को दे दी गई है।

उत्तराखंड वन विभाग में मुखिया के तौर पर जिम्मेदारी देख रहे धनंजय मोहन ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। धनंजय मोहन ने ऐसा क्यों किया अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन दिए गए आवेदन में उन्होंने इसके पीछे पारिवारिक कारण बताया है। इसके साथ ही अब समीर सिन्हा को वन विभाग के मुखिया के तौर पर अतिरिक्त जिम्मेदारी दे दी गई है।

## न्यूज डायरी

### नगरपालिका गौचर की ओर से आयोजित हुआ वृहद स्वच्छता कार्यक्रम



**चमोली।** स्वच्छता को लेकर सिविल जज (सी. डी.) / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगरपालिका परिषद गौचर ने स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर 500 किलो अजैविक कूड़ा व 135 किलो जैविक कूड़ा इकट्ठा किया। रविवार 22 जून को प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक चले स्वच्छता कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों, गैर राजकीय संस्था व वन विभाग गौचर की टीम के सहयोग से रघुनाथ मंदिर घाट एवं पर्यटन के दृष्टिगत भट्टनगर शिवालय समीप श्रमदान कर लगभग 500 किलो अजैविक कूड़ा व 135 किलो जैविक कूड़ा इकट्ठा किया गया। एकत्रित कूड़े को निकाय के कूड़ा वाहनों के माध्यम से निकाय के एम. आर. एफ. केन्द्र में पहुंचाया गया। तत्पश्चात पालिका परिषद के कार्यालय में अध्यक्ष संदीप नेगी के साथ सभासदगण, महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, वन विभाग की टीम, पालिका के कार्मिकों व पर्यावरण मित्रों द्वारा स्वच्छता की प्रतिज्ञा ली गई।

## पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने जारी की पर्यवेक्षकों की सूची

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद उत्तराखण्ड भाजपा हरकत में आ गयी है। भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए विधानसभा वार प्रवासी कार्यकर्ताओं की सूची जारी कर दी है। यह सभी पर्यवेक्षक की भूमिका में जिला पंचायत सदस्य पद के समर्थित प्रत्याशियों के नामों का पैनल बनाएंगे। साथ ही वहां चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर पंचायत चुनावों की अहम जिम्मेदारी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सौंपी है। जिसमें विधानसभावार दो–दो प्रवासी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक और चुनाव प्रबंधन दोनों का दायित्व संभालेंगे। वे संबंधित क्षेत्र की सभी जिला पंचायत सीटों पर पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के नामों का पैनल तैयार कर प्रदेश नेतृत्व को सौंपेंगे। साथ ही प्रत्येक प्रधान, बीडीसी सदस्य पद के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़वाने का प्रयास करेंगे। यह सभी प्रवासी कार्यकर्ता संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया तक क्षेत्र में चुनाव प्रबंधन का काम संभालेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी ने विधानसभावार जिन दो दो प्रवासी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है। उनमें पुरोला विधानसभा में सते सिंह राणा और डॉक्टर विजय बडोनी, यमुनोत्री विधानसभा में जगत सिंह चौहान और सुधा गुप्ता, गंगोत्री में राम सुंदर नौटियाल और मुकेश टम्टा, बदरीनाथ में रामचंद्र गौड़, विनोद नेगी, थराली रघुवीर सिंह बिष्ट, महावीर सिंह पंवार, कर्णप्रयाग हरक सिंह नेगी, विक्रम कंडारी, केदारनाथ रमेश गाड़िया, वाचस्पति सेमवाल, रुद्रप्रयाग रमेश मैखुरी, गजेंद्र रावत, घनसाली खेम सिंह, जितेंद्र सेमवाल हैं। देवप्रयाग विनोद रतूड़ी, गोविंद अग्रवाल, नरेंद्र नगर डॉक्टर देवेंद्र भसीन, रविंद्र राणा, प्रतापनगर नत्थी सिंह नेगी, आशा कोठारी, धारचूला गणेश भंडारी, कमला चुफाल, डीडीहाट अशोक नांबियाल, मनोज सामंत हैं।

## पेज 01 का शेष...

### आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को सकुशल सम्पन्न कराने को दून पुलिस ने कसी कमर

अपराधों की समीक्षा के दौरान लम्बित अपराधों के लम्बित रहने के कारणो की जानकारी प्राप्त करते हुए उनके त्वरित खुलासे के निर्देश दिये गये। सीसीटीएनएस के तहत राष्ट्रीयध्राज्य स्तर पर संचालित किये जा रहे सभी पोर्टलों पर नियमित रूप से सूचनाओं को अध्यावधिक किया जाये, सभी थाना प्रभारी व्यक्तिगत तौर पर इस बात को सुनिश्चित करें कि सभी सूचनाओं को समय से पोर्टलों पर अपलोड कर दिया जाये। साथ ही सभी क्षेत्राधिकारी समय–समय पर इसकी मानिटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित कर लें कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाये। यातायात नियमों के उल्लंघन के सम्बंध में सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित सज्ञांन लेकर उन पर तत्काल आवश्यक चालानी कार्यवाही करने तथा उक्त चालानों को समय से सम्बन्धित उल्लघंनकर्ता को प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। सी0एम0 हैल्पलाइन तथा अन्य पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए सभी थाना प्रभारियों को उन पर त्वरित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com डाक पंजीयन: UA/DO/DDN/402/2017-19